# पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब हिंदी टीम
# पाठ्यक्रम आधारित प्रश्नोत्तर-बैंक

**कक्षा-आठवीं** **पाठ्यक्रम:दिसम्बर-जनवरी 2020**

1. **निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'सैलानी' का पर्याय नही है ?**

(क) पर्यटक (ख) मुसाफ़िर (ग) घूमना(घ) कोई भी नहीं

2. **निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'तमन्ना' का पर्यायवाची शब्द है ?**

(क) इच्छा (ख) तमाचा (ग) बल (घ) योद्धा

3 **निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'शहीदी' का पर्याय नहीं है ?**

(क) शहादत (ख) बलिदान (ग) देशभक्त (घ) कोई नहीं

4. **निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'तार' का बहुवचन है ?**

(क) तारन (ख) तारों (ग) ताआरा (घ) तारे

5. **कौन सा शब्द देश का बहुवचन है ?**

(क) देशों (ख) देशी (ग) देसी (घ) कोई नहीं

6.**कान में सीसा भरा हुआ क् क्या अर्थ है ?**

(क) सुनाई देना (ख) सुनाई न देना (ग) कान की बीमारी होना(घ) कोई नहीं

7.ਮੂਰਤੀ **को देवनागरी में लिखें?**

(क) गाँठ (ख) प्रतिमा (ग) गठड़ी (घ) कोई नही

8. **नासा ने उसे एक बार फिर अंतरिक्ष यात्रा के लिए चुना? सही विकल्प चुनिए।**

(क) सकर्मक (ख) अकर्मक (ग) दोनों ही (घ) कोई नहीं

9. **वह शब्द का वचन बदलें ?**

(क) वे (ख) वहाँ (ग) वाह (घ) कोई नहीं

10 **निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'झण्डा' का पर्याय है ?**

(क) ध्वज (ख) लहर (ग) डंडा (घ) आदेश

11-ਆਵਾਜਾਈ **शब्द को देवनागरी में लिखें ?**

(क) यातायात (ख) बॉर्डर (ग) बसें (घ) कार

12. **मुस्तैदी का क्या अर्थ है ?**

(क)तेज़ी (ख) अकेला (ग) मूर्ति (घ) सीमा

13. **कपोतराज का क्या अर्थ है?**

(क) कबूतरों का राजा (ख) कबूतरों का बेटा (ग) कबूतरों का राज्य (घ) कबूतर

14. **निम्नलिखित में से 'सड़क' का वचन बदलिये** ?

**(क) सड़कों (ख) सड़क (ग) सडकां (घ) कोई नहीं**

15. **बरबस का अर्थ लिखिए**?

**(क) ज़बरदस्त (ख) ज़बरदस्ती (ग) प्रबल (घ) अचानक**

16 **प्रत्येक मनुष्य सपने देखता है**? **सही विकल्प चुनिए**

**(क) सकर्मक (ख) अकर्मक (ग) दोनों (घ) कोई नहीँ**

17.ਮੇਰਾ **शब्द को देवनागरी में लिखिये** ?

**(क) अवसर (ख) बरबस (ग)झुकाव (घ) मेरा**

18.**निम्नलिखित में से अंतरिक्ष का सही अर्थ चुनिये**?

**(क) आकाश (ख) तारे (ग) सूरज (घ) दिनकर**

19.. **भाल का क्या अर्थ होता है** ?

**(क) माथा (ख) पताका (ग) मुराद (घ) कोई नहीं**

20. **परखचे का क्या अर्थ है**?

**टुकड़े टुकड़े (ख) झण्डे (ग) तूफ़ान (घ) कोई भी नहीं**

21 **निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'आज़ादी' का पर्याय नही है** ?

**(क) स्वतंत्रता (ख) स्वतंत्र (ग) मुक्ति (घ)बंधन**

22. -----! **यही ठीक रहेगा** ? **सही विस्मयादिबोधक शब्द लिखें**

**(क) वाह ! (ख) क्यों! (ग) नही! (घ) बाप रे!**

23 **मुख्य+आलय से कौन सा नया शब्द बनता है** ?

**(क) मुख्यालय (ख) पुस्तकालय (ग) मेघालय (घ) कोई नही**

24. **कार्य+ कारी से कौन सा नया शब्द बनता है** ?

**(क) कार्यकारी (ख) प्रलयकारी (ग) क्रांतिकारी (घ) कोई नहीं**

25. **आतुर का सही अर्थ क्या है**?

**(क) तूफ़ान (ख) व्याकुल (ग) धमाका (घ) आदेश**

26. -----! **देखना ,एक दिन हम दीवानों की टोली आज़ादी की दुल्हन को ब्याह लाएगी ।**

**(क) अहा (ख) हाय (ग) बाप रे (घ) कोई नही**

27. **कुत्ते की दुम सीधी ना होना का क्या अर्थ है**?

**सुधर जाना (ख) कभी न सुधरना (ग) दुःख याद आना (घ) इनमें से कोई नहीं**

***इन प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें :***

28. **सपने कैसे पूरे होते हैं** ?

**उत्तर- सपने कठिन परिश्रम, दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास एवं एकाग्रता से पूरे होते हैं।**

29. **बचपन से ही कल्पना चावला का क्या सपना था** ?

उत्तर-बचपन से ही कल्पना चावला का सपना आसमान की सैर करने का था।

30. कल्पना चावला का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

उत्तर- कल्पना चावला का जन्म 1 जुलाई, सन् 1961 ई० को हरियाणा राज्य के करनाल नगर में हुआ था।

31. कल्पना का विवाह कब और किससे हुआ ?

उत्तर-कल्पना का विवाह सन् 1983 ई० में जीन पियरे हैरिसन से हुआ।

32. कल्पना की प्रारम्भिक शिक्षा कहाँ पूरी हुई ?

उत्तर-कल्पना की प्रारम्भिक शिक्षा करनाल के टैगोर बाल निकेतन स्कूल में पूरी हुई।

33. भगत सिंह स्कूल से कहाँ चले गये थे ?

उत्तर-भगत सिंह स्कूल से जलियाँवाले बाग़ की पवित्र धरती को प्रणाम करने गये थे ।

34. जलियाँवाले बाग़ की मिट्टी हाथ में लेकर उन्होंने क्या सौगंध खायी ?

उत्तर-जलियाँवाले बाग़ की मिट्टी हाथ में लेकर उन्होंने यह सौगंध खायी थी कि मैं अंग्रेजों को यहाँ से भगाकर भारत माँ को आज़ाद करवाऊँगा।

35. भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के प्रिय नारे कौन-कौन से थे?

उत्तर-भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को प्रिय नारे थे-

(1) भारत माता की जय

(2) इन्कलाब ज़िन्दाबाद

(3) साम्राज्यवाद का नाश हो।

36. इस प्रदर्शन में किस महान् नेता की मृत्यु हो गई ?

उत्तर-इस प्रदर्शन में महान् नेता लाला लाजपत राय की मृत्यु हो गई।

37. विधानसभा में बम फेंकने की ज़िम्मेदारी किसे सौंपी गई?

उत्तर- भगत सिंह एवं बटुकेश्वर दत्त को।

## *इन प्रश्नों के उत्तर चार या पांच वाक्यों में लिखें:-*

38. कल्पना चावला का सपना कब और कैसे पूरा हुआ?

उत्तर:-कल्पना चावला का सपना 19 नवम्बर, सन् 1997 ई० का पूरा हुआ जब उसने एस० टी० एस०87 अन्तरिक्ष यान द्वारा दोपहर 2.37 बजे अपनी पहली उड़ान भरी। यह मिशन अन्तरिक्ष में 17 दिन 16 घंटे 32 मिनट रहकर धरती पर लौट आया।

39. कल्पना की दूसरी अंतरिक्ष यात्रा उसकी जीवन की अन्तिम यात्रा बनी । स्पष्ट करें।

उत्तर-कल्पना चावला ने दूसरी अन्तरिक्ष उड़ान 16 जनवरी, सन् 2003 को अंतरिक्ष यान कोलंबिया से शुरू की। इस मिशन में अन्तरिक्ष में 80 परीक्षण एवं प्रयोग किए । यह विमान 16 दिनों बाद अन्तरिक्ष से 1 फरवरी, सन् 2003 को लौट रहा था। यह लौटते समय पृथ्वी से 63 कि०मी० की ऊँचाई पर एक बड़े धमाके के साथ टूटकर बिखर गया। इसमें कल्पना सहित

सभी छः यात्री अन्तरिक्ष में विलीन हो गए। इस तरह कल्पना की दूसरी उड़ान उनकी जीवन की अन्तिम यात्रा बनी।

40. **कल्पना चावला के जीवन से आप क्या प्रेरणा लेते हैं।**

उत्तर-कल्पना चावला के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि सपने केवल सोचने से सच नहीं होते बल्कि उन्हें पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम, दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास एवं एकाग्रता से आगे बढ़ना चाहिए। उन्हें पूरा करने में कठोर मेहनत करनी चाहिए।

41. **इन क्रान्तिकारियों ने साइमन कमीशन का विरोध किस प्रकार किया** ?

उत्तर- भारत के देशभक्तों ने लाला लाजपत राय के नेतृत्व में साइमन कमीशन काविरोध किया। शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद क्रान्तिकारियों में उनके नेतृत्व को स्वीकार कर लिया। क्रान्तिकारियों ने साइमन कमीशन को वापिस जाने के नारे लगाए इसका उन्होंने शांतिपूर्ण विरोध किया।

42. **लाला जी की मृत्यु का बदला इन क्रान्तिकारियों ने कैसे लिया** ?

उत्तर-लाला जी का मृत्यु का बदला लेने के लिए आजाद ने एक योजना बनाई है। वे एक गुप्त स्थान पर लाहौर माल रोड़ पर इकट्ठे हुए। उन्होंने जय गोपाल के इशारे पर सांडर्स को गोलियों से भून दिया।

43. **विधानसभा में बम विस्फोट का क्या परिणाम निकला**?

उत्तर-विधानसभा में बम विस्फोट के बाद भगत सिंह तथा बटुकेश्वर दत्त पकड़े गए। अंग्रेजों ने क्रान्तिकारियों को पकड़ने का दमन चक्र तेज़ कर दिया। राजगुरु, सुखदेव असंख्य युवक जेलों में बंद कर दिए गए। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी की सज़ा सुनाई गई तथा बटुकेश्वर दत्त को काला पानी की सज़ा दी गई।

*************************************************************************

## प्रदूषण की समस्या और समाधान

प्रदूषण का अर्थ है पर्यावरण का दूषित होना| जब से मनुष्य ने उन्नति के पद पर कदम रखा है तब से प्रदूषण का जन्म हुआ| प्रदूषण चार प्रकार का होता है|

जल प्रदूषण- 'जल ही जीवन है' हम सब जानते हैं| हम स्वयं ही इसे प्रदूषित कर रहें हैं| जन-जीवन की सारी गंदगी और कारखानों से निकला गंदा पानी नदियों में मिला कर इसे दूषित किया जा रहा है| दूषित जल पीने से कई प्रकार के मानव जीवन में फ़ैल रहें हैं|

समाधान- गंदगी को स्वच्छ जल से दूर रख कर ही जल को दूषित होने से बचाया जा सकता है| जन-जन को जल का महत्व समझा कर ही यह सम्भव हो सकता है|

वायु प्रदूषण- वायु जीवन का मूलाधार है| इसके बिना मानव जीवन असंभव है| वृक्ष वातावरण में से कार्बन को सोखते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं| वृक्षों का कटना, वाहनों और

**कारखानों का धुआँ ये सब मिल कर वायु-प्रदूषण फैला रहें हैं| इससे सांस के रोग हो रहें हैं| समाधान- वृक्षों की कटाई पर रोक लगाना आवश्यक है| वृक्षारोपण अति आवश्यक है| कारखानों को नगर से बाहर लगाया जाए और चिमनियों को ऊँचा रखा जाए| देश का प्रत्येक नागरिक धरती पर हरियाली के महत्व को समझे|**

**ध्वनि-प्रदूषण- विज्ञान ने मानव जीवन को जहां एक ओर सरल बना दिया है वहीं कई कठिनाइयाँ भी खड़ी कर दी हैं| तेज़ गति से चलने वाले वाहनों का शोर, लाउडस्पीकरों का शोर-गुल, कारखानों का शोर मानव को बहरा बना रहा है|समाधान- ध्वनि को नियंत्रित किया जाना अति आवश्यक है| मशीनों का प्रयोग निश्चित समय के लिए हो| हस्तकला को प्राथमिकता मिले|**

**4.भूमि-प्रदूषण- धरती से अधिकाधिक अन्न प्राप्त करने के लिए कई प्रकार के कीटनाशक डाले जाते हैं| धरती से खनिज प्राप्त करने के लिए उसे काटा जाता है|जिस के प्रभाव से भूमि का हनन हो रहा है समाधान- भू-क्षरण को रोकने के लिए वृक्षारोपण किया जाए| कृषि के लिए जैविक खाद का प्रयोग किया जाए| सौर-ऊर्जा का प्रयोग किया जाए|**

**महत्वपूर्ण बिन्दु- जल और गंदगी को एक दूसरे से दूर रखा जाए| अधिकाधिक वृक्षारोपण किया जाए| देश की जनता को प्रदूषण क प्रति जागृत किया जाए| प्लास्टिक को रिसाइकिल करके उसका प्रयोग करें| मशीनों का प्रयोग सीमित हो| हस्तकला को पहल मिले| गति और ध्वनि पर नियंत्रण आवश्यक है|**

## मेरा पंजाब

**पंजाब का अर्थ है- पाँच नदियों की धरती| आजादी से पहले पंजाब का क्षेत्र बहुत बड़ा था| विभाजन के बाद आधा पंजाब भारत के हिस्से में आया| 1 नवम्बर 1966 को इस पंजाब के फिर से तीन भाग हो गए| दो नए प्रांत बने- हरियाणा और हिमाचल प्रदेश| पंजाब की सीमा एक ओर से पाकिस्तान से मिलती है| भारत में इसके पड़ोसी राज्य हरियाणा, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश हैं| पंजाब को पहले सप्त सिंधु के नाम से भी जाना जाता था|**

**पंजाब में कुल 22 जिले हैं| इस का क्षेत्रफल** 50362 **किलोमीटर है| इसकी राज भाषा पंजाबी है| पंजाब भारत के उत्तर दिशा में है| लुधियाना, अमृतसर, जालंधर तीनों बड़े जिले राष्ट्रीय मार्ग-1 से जुड़े हुए हैं| लुधियाना हौजरी के सामान के लिए, जालंधर खेलों के सामान के लिए प्रसिद्ध है| अमृतसर ऐतिहासिक नगर है| पंजाब का तीर्थ है यह| जलियाँवाला बाग और वाघा बार्डर दर्शनीय स्थल हैं| स्वर्ण मन्दिर -जहां पर लोग दूर-दूर से माथा टेकने आते हैं के कारण यह पवित्र नगर है| पटियाला बागों और दरवाज़ों का शहर है| बठिंडा भी बड़ा शहर है|**

पंजाब की धरती बहुत उपजाऊ है| लोगों का मुख्य कार्य खेती है| लुधियाना में खेती-बाड़ी विश्वविद्यालय है जहां पर खेती की नई तकनीकें सिखाई जाती हैं| शिक्षा के क्षेत्र में भी पंजाब सबसे आगे है| यहाँ पर चार बड़े विश्वविद्यालय हैं| सर्वशिक्षा अभियान, स्वच्छता अभियान में पंजाब नें अपनी भूमिका अच्छी तरह निभाई है| पंजाबियों ने देश की रक्षा के लिए भी अपनी कुर्बानियाँ दीं हैं| पंजाब वीरों की धरती है|
गुरुओं की इस पवित्र धरती को गुरु नानक देव जी का आशीर्वाद प्राप्त है और गुरु गोबिन्द सिंह जी की वीरता| 'किरत करो वंड छको' की नीति पर चलाने वाला पंजाब भारत का खुशहाल प्रांत है|

**बहन के विवाह में सम्मिलित होने के लिए मित्र को निमंत्रण पत्र लिखें|**

210, माडल ग्राम,
लुधियाना|
20 अक्तूबर, 2020
प्रिय मित्र रमन,
नमस्ते|
कुशलता उपरान्त समाचार यह है कि दीदी की शादी 27 अक्तूबर को होनी निश्चित हुई है| दीदी का तुम पर विशेष स्नेह रहा है| वे चाहती हैं कि तुम उनके विवाह में सम्मिलित हों| तुम भी उनके विवाह में शामिल होना चाहते थे| मैं पत्र द्वारा तुम्हें निमंत्रण भेज रहा हूँ| शादी के शुभ कार्य 26 तारीख को आरंभ हो जाएंगे| तुम समय से ही चाचा-चाची जी की अनुमति ले कर पहुँच जाना| शादी में मिल कर काम भी करेंगे और आनंद भी उठाएंगे|
तुम्हारी प्रतीक्षा में
तुम्हारा मित्र
सचिन|

**गाँव के सरपंच को अपने स्कूल के विकास में योगदान देने के लिए पत्र लिखें|**

सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल,
करियाँ पहलवान,
20 नवंबर, 2020
आदरणीय सरपंच महोदय,
प्रणाम

मैं आपके गाँव के सरकारी स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र हूँ| इस स्कूल में इसी गाँव के छात्र पढ़ते हैं| स्कूल की कुछ समस्याएं हैं| स्कूल को चार दीवारी, पीने के लिए पानी के नल और खेलने के लिए मैदान की आवश्यकता है| चार दीवारी न होने के कारण स्कूल में पशु स्कूल में आ जाते हैं| पानी की व्यवस्था न होने के कारण विद्यार्थियों को कठिनाई होती है| पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक व्यायाम भी अनिवार्य है| एक खेल के मैदान की व्यवस्था भी करवा दें तो स्कूल के छात्र शिक्षा के साथ खेलकूद में भी आगे जा सकते हैं| स्कूल का विकास विद्यार्थियों का विकास है| छात्रों का विकास गाँव और देश का विकास है| आशा है आप मेरे बातों से सहमत होंगे और स्कूल के विकास में योगदान देंगे| हम आपके सहयोग के लिए आप के आभारी रहेंगे|

धन्यवाद सहित,

मोहन

कक्षा- आठवीं

अनुक्रमांक 7

*************************************************************************************

पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब, टीम हिंदी

फतेहगढ़ साहिब

*************************************************************************************